द संस्कार वैली और एलजीएस ने जीते सुब्रतो कप फुटबॉल खिताब

अंडर-17 में एलजीएस ने संस्कार वैली को 1-0 से और द संस्कार वैली ने अंडर-14 में आर्मी को 3-1 से हराया

द संस्कार वैली ने आर्मी पब्लिक स्कूल को 3-1 से तथा एलजीएस ने संस्कार वैली को 1-0 से हराकर क्रमशः अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग के सुब्रतो कप फुटबॉल खिताब जीत लिए। एक दिन पहले बालिका वर्ग में संस्कार वैली की टीम अंडर-17 आयु वर्ग में चैंपियन बनी थी। तीनों विजेता और उप विजेताओं को गुरुवार को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण आर्मी स्कूल के चेयरमैन ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी व डीपीआई के उप संचालक बीबी सक्सेना ने किया। इस दौरान आर्मी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सीमा द्विवेदी और स्कूल के खेल प्रशिक्षक विवेक गौर भी उपस्थित थे।

पहला फाइनल अंडर-17 बालक वर्ग का खेला गया। इसमें संस्कार वैली और एलजीएस वीआईपी रोड आमने-सामने हुए। इस मैच का एक मात्र गोल चंदर मोहन ने किया। दिन का दूसरा फाइनल अंडर-14 आयु वर्ग में खेला गया। इसमें मेजबान आर्मी पब्लिक स्कूल और संस्कार वैली में भिड़ंत हुई। दोनों टीमें निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई। इसलिए मैच का फैसला पेनल्टी शूट आउट से किया गया। इसमें संस्कार वैली ने तीन गोल किए जबकि आर्मी स्कूल एक ही गोल कर पाया।

अब संस्कार वैली की लड़कियां खेलेंगी राज्य स्तरीय फुटबॉल

जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल चैंपियन द संस्कार वैली की टीम ने अंडर-17 बालिका वर्ग का संभाग स्तरीय मुकाबला भी जीत लिया। इस जीत से वह राज्य स्तरीय सुब्रतो कप के लिए क्वालीफाई कर गई। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में द संस्कार वैली ने भोपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए राजगढ़ जिले को 2-0 से हराया।